DAINIK JAGRAN (JAGRAN CITY), Delhi, 30.10.2024
Page No. 2, Size:(5.27)cms X (6.38)cms.

गेल और वर्बियो इंडिया के बीच हुआ समझौता

गेल (इंडिया) लिमिटेड और वर्बियो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के समय उपस्थित अधिकारी ● सौ. गेल (इंडिया) लिमिटेड

वि, नई दिल्ली : देश में कृषि अवशेष आधारित संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों की स्थापना की संभावनाओं का पता लगाने के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड और वर्बियो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने समझौता किया है। गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता और वर्बियो समूह के संस्थापक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्लास साटर की उपस्थिति में सुमित किशोर, कार्यकारी निदेशक (व्यापार विकास तथा अन्वेषण एवं उत्पादन), गेल और वर्बियो के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता के अंतर्गत दोनों पक्ष ग्रीनफील्ड कृषि अवशेष-आधारित सीबीजी संयंत्रों की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करेंगे। गेल पंजाब में वर्बियो के सीबीजी संयंत्र में इक्विटी अधिग्रहण की संभावना तलाश कर सकता है। गुप्ता ने कहा, "वर्बियो के साथ समझौता भारत में स्वच्छ ऊर्जा को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

HINDU, Delhi, 30.10.2024
Page No. 15, Size:(15.78)cms X (24.70)cms.

GAIL and VERBIO India sign MoU to develop agricultural residue-based CBG projects

GAIL (India) Limited and VERBIO India Private Limited today signed a Memorandum of Understanding (MoU) to jointly explore the establishment of Agricultural Residue-based Compressed Biogas (CBG) plants in India. The MoU was signed in the presence of Shri Sandeep Kumar Gupta, C&MD, GAIL, functional Directors of GAIL and Shri Claus Sauter, Founder / CEO, VERBIO Group. Shri Sumit Kishore, Executive Director (Business Development and Exploration & Production), GAIL and Shri Ashish Kumar, Managing Director, VERBIO signed the MoU. Speaking on the occasion, Shri Sandeep Kumar Gupta, Chairman and Managing Director of GAIL said, "This MoU with VERBIO marks a significant step in our commitment to advancing clean energy in India.

Shri Claus Sauter, Founder / CEO, VERBIO Group, said, "We are pleased to partner with GAIL to jointly deploy bioenergy as one of the most innovative solutions for stubble burning in India. This collaboration aligns with our vision of promoting CBG while supporting the farmers and rural economy in India.

HINDUSTAN, Meerut, 30.10.2024
Page No. 8, Size:(23.34)cms X (11.75)cms.

गैस पाइपलाइन के पास न जलाएं पटाखे

पीएनजी

- गेल गैस लिमिटेड ने जारी की एडवाइजरी
- दुर्घटना की स्थिति के लिए जारी किए फोन नंबर

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। गेल गैस लिमिटेड ने पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की लाइन के आसपास पटाखे नहीं जलाने की अपील की है।

कंपनी के जीएम विनय कुमार ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि शहरवासी दीवाली पूरे जोश के साथ मनाएं लेकिन गैस पाइप लाइन का ध्यान रखें। विनय कुमार ने कहा कि दीवाली के अवसर पर गैस पाइपलाइन नेटवर्क और मीटरों के आसपास पटाखे फोड़ने और आग के प्रयोग से बचें। यह कदम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और गैस पाइपलाइन नेटवर्क को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक है।

गैस पाइपलाइन और मीटरों के आसपास पटाखे फोड़ने से विस्फोट, आग और अन्य खतरनाक स्थितियों का जोखिम बढ़ जाता है। आग या किसी दुर्घटना की स्थिति में गेल गैस लिमिटेड के ग्राहक सेवा नंबर 0121-2603559, 2603560 पर तुरंत संपर्क करें।